# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–31 दिसंबर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज करेंगे प्रयागराज का दौरा। नैनी में बायो–सीएनजी प्लांट का अनावरण करने के साथ ही महाकुंभ की तैयारियों को लेकर करेंगे निरीक्षण।
- तकनीकी विश्वविद्यालयों में स्टार्टअप के लिये बनेंगे इनोवेशन सेंटर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल यूपी इनोवेशन फंड की बैठक में दिये निर्देश।
- इसरो ने सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से स्पैडेक्स मिशन को सफलतापूर्वक किया लांच। दोनों उपग्रह एक ही कक्षा में होंगे स्थापित।
- पहाड़ों पर भारी बर्फबारी से प्रदेश में बढ़ी ठंड। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में गिरावट का जताया अनुमान।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज प्रयागराज का दौरा करेंगे। इस दौरान श्री योगी नैनी में निर्मित बायो सीएनजी प्लांट का अनावरण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री महाकुम्भ प्रयागराज 2025 की तैयारियों को लेकर संगम ऐरावत घाट, संगम नोज और गंगा सेतु के समानांतर बने स्टील ब्रिज का निरीक्षण करने के साथ संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। पेश है एक रिपोर्ट–

***.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नैनी के अरैल घाट के पास 125 करोड़ रुपये की लागत से तैयार जिस बायो सीएनजी प्लांट का कल शुभारम्भ करेंगे वह प्रतिदिन 21 दशमलव पांच टन गैस के साथ दो सौ 9 टन जैविक खाद बनायेगा। इस प्लांट की कुल क्षमता 343 टन प्रतिदिन उत्पादन की है। इस प्लांट से बायो–सीएनजी की आपूर्ति प्रयागराज सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी की जायेगी। प्रयागराज नगर निगम आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग ने बताया कि इस बायो सीएनजी प्लांट की स्थापना से नगर निगम को आय होगी साथ ही प्रतिदिन 2 सौ टन जिले के कचरे का निपटान हो सकेगा। वहीं हवा की गुणवत्ता सुधार की दिशा में यह प्लांट मील का पत्थर साबित होगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में निर्माणाधीन तीन नए राज्य विश्वविद्यालयों माँ पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय, बलरामपुर, माँ विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर व गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के भवन निर्माण की प्रगति, कर्मचारियों की व्यवस्था व संचालन के संबंध में कल समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। श्री योगी ने कहा कि ने कहा है कि विश्वविद्यालयों का निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से कराए जाएं। विश्वविद्यालय प्रशासन, कार्यदायी संस्था व स्थानीय प्रशासन की कमेटी बनाकर निर्माण कार्य की समय–समय पर समीक्षा की जाए। उधर, यूपी इनोवेशन फंड (यूपीआईएफ) की बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश की तीनों टेक्निकल यूनिवर्सिटीज को इनोवेशन से जोड़ने का निर्देश दिया।

**********

नए साल में आम नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम को लेकर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत किशोर ने राज्य के सभी पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

पुलिस महानिदेशक ने कहा है कि शराब पीकर वाहन चलाने और हुड़दंगियों पर नकेल कसने के लिए चौराहों पर चेकिंग की जाए। लखनऊ कमिश्नरेट के कानून एवं व्यवस्था के संयुक्त पुलिस आयुक्त अमित वर्मा ने कहा है कि नव वर्ष का उत्सव शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से मनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है।

***31 और 1 तारीख को काफी आयोजन नववर्ष के रहते है इसमें 31 तारीख को शाम के समय काफी भीड़ रहेगी। मार्केटस में मॉलस में, होट्लस में, पार्क में और साथ ही एक तारीख को धार्मिक स्थलों में खासतौर पर मंदिरों में काफी आवागमन रहता है तो इस चीज को मद्देनजर रखते हुए हम लोगों ने स्पेशल प्लान तैयार किया है। एक जो ड्रंक एंड ड्राइविंग होता है उसके खिलाफ हम लोगों का अभियान चलेगा। महिलाओं की सुरक्षा के हेतु भी हम लोगों ने प्लान बना लिया है। इसमें ऐसे प्वाइंट जहां महिलाओं का आवागमन रहेगा वहां सादे कपड़ों में पुलिस रहेगी और ट्रैफिक में भी कई जगह डायवर्जन किया जायेगा। 31 और 1 तारीख के लिये पूरी तैयारियां है। एडीजी साहब के तरफ से भी इसमें काफी निर्देश आये है तो उनके निर्देशों का पालन कराते हुए हम लोग इस पर्व को सकुशल सम्पन्न करायेंगे।***

**********

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कल प्रयागराज के दशाश्वमेध घाट पर सामूहिक स्वच्छता कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान श्री शर्मा ने स्वच्छता कार्यों में श्रमदान करने के साथ ही प्रयाग नगरी के सभी वार्डो में महा श्रमदान के विशेष स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया।

**********

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो आंध्रप्रदेश के श्री हरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से स्पेडेक्स मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। ये उपग्रह कक्षा में अंतरिक्ष यान की डॉकिंग–अनडॉकिंग यानि जोड़ने और अलग करने की प्रक्रिया को दर्शायेंगे। चेजर के नाम से जाना जाने वाला एसडीएक्स–01 और टारगेट के नाम से जाना जाने वाला एसडीएक्स–02 जैसे दो उपग्रहों को 55 डिग्री झुकाव पर 470 किमी की वृत्ताकार कक्षा में स्थापित किया जाएगा, जिसका स्थानीय समय चक्र लगभग 66 दिन का होगा। टारगेट और चेजर दोनों उपग्रहों को दस से बीस किलोमीटर की दूरी पर एक ही कक्षा में स्थापित किया जाएगा।

**********

वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में नए साल के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिये पहुंचते है। उनके सुरक्षित और सुगम दर्शन के लिए मंदिर प्रबंधन की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्य पालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, स्पर्श दर्शन पर पूरी तरह से रोक रहेगी।

***इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की दृष्टिगत यहां विशेष व्यवस्था की गई है। बेरीकेटिंग की व्यवस्था कर ली गई है। स्पर्श दर्शन व किसी भी प्रकार का यूआईपी प्रोटोकाल पहले से ही स्थगित किया जा चुका है और इसके बारे में पर्याप्त मात्रा में प्रचार प्रसार कर दिया गया है। श्रद्धालुओं के लगातार अनुरोध किया जा रहा है। गर्भगृह में पहुंचने का प्रयास व अनुरोध न करें। चूंकि अभी कुंभ आने वाला है तो सारे लोगों का प्रवाह प्रयाग की तरफ भी इस समय होगा। कुंभ में बहुत वहां भी भीड़ हो जाती है, तो कुछ लोग जो यां के दर्शनार्थी होते है प्रयागराज के कुंभ प्रारम्भ होने के पहले वहां एकबार स्नान करके आना चाहेंगे। 10 लाख तक मेक्सम लोगों की संख्या हो सकती है और उसी के अनुरूप हम लोगों ने व्यवस्था की है।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल महाकुंभ के विजन को धरातल पर उतारने के लिए प्रदेश सरकार तेजी से कार्य कर रही है। राज्य के नये 76वें जनपद महाकुंभ नगर को रिकॉर्ड समय में सभी नागरिक सुविधाओं के साथ बसाया जा रहा है। वहीं महाकुम्भ 2025 में पहली बार मेले को बसाने का काम डिजिटल तरीके से किया जा रहा है। पेश है एक रिपोर्ट–

***महाकुम्भ भूमि एवं सुविधा आवंटन की साइट पर भूमि और सुविधाएं एक क्लिक में मिल रही। कुम्भ 2019 में साढ़े पांच हजार संस्थाओं की अपेक्षा इस बार महाकुंभ में पूरे मेला में 10 हजार से अधिक संस्थाओं का भूमि आवंटन किया जा रहा है, जिसमें सरकारी, आपातकालीन, सामजिक और धार्मिक संस्थाए शामिल हैं। सरकार की इस पारदर्शी व्यवस्था से साधु–संतों और संस्थाओं का काम बिना कतार में लगे आसानी से और जल्द हो रहा है। अमृत काल में लग रहे अमृत महोत्सव महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के प्रयागराज आने का अनुमान है। इसके लिए कुम्भ मेला में बने 25 सेक्टर का 4000 हेक्टेयर क्षेत्र का लेआउट जीआईएस आधारित नक्शे का उपयोग करके तैयार किया गया है। जो गूगल मैप्स के जरिए आसानी से पहुंचा जा सकता है। इसके अलावा गूगल चैट बाट और खोया पाया केंद्र का भी डिजिटलाइजेशन किया गया है। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।***

**********

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से प्रदेश के अधिकांश जिलों में शीतलहर के कारण ठंड बढ़ गई है। राजधानी लखनऊ सहित गोरखपुर, बदायूं, कुशीनगर, बस्ती, फिरोजाबाद, जौनपुर, वाराणसी और अमरोहा में सुबह से धुंध और बादल छाया रहा, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट का अनुमान व्यक्त किया है। विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले दो से तीन दिन रात और सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 5 दिनों में प्रदेश में न्यूनतम तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। उधर, बढ़ती ठंड की वजह से मैनपुरी के जिलाधिकारी ने कक्षा एक से आठवीं तक के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। मथुरा में भी ठंड की वजह से आज से 14 जनवरी तक बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े सभी स्कूल बंद रहेंगे।

**********